प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)

लोकसभा में संसद के संयुक्त सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो गई। भारतीय जनता पार्टी के रामवीर सिंह बिधूड़ी ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश करते हुए, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा किए गए कार्यों और जन कल्याणकारी योजनाओं को सूचीबद्ध किया।

********************

राज्यसभा में संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हो गई है। भारतीय जनता पार्टी की किरण चौधरी ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। भाजपा सदस्य ने कहा कि विपक्ष सरकार के खिलाफ कृषि क्षेत्र के लिए किए गए कार्यों को लेकर गलत अभियान चला रहा है।

********************

वित्त सचिव और वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के सचिव तुहिन कांता पांडेय ने कहा कि भारत तेजी से बढती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में लगातार अपना स्थान बनाये हुए है। उन्होंने कहा कि लगातार प्रतिकूल परिस्थितियां और बढ़ती आकांक्षाओं के बीच यह गति बनाये रखने की आवश्यकता है। श्री पांडेय ने यह बात आज नई दिल्ली के केन्द्रीय बजट 2025–26 पर आयोजित फिक्की सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

********************

साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए बोकारो में पुलिस अब लोगों को प्रशिक्षित और जागरूक करेगी। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

झारखंड कैडर के नॉन–स्टेट सिविल सेवा से कंचन सिंह समेत छह अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) में प्रोन्नति दी गई है। केंद्र सरकार के कार्मिक मंत्रालय ने वर्ष 2023 की रिक्तियों के विरुद्ध अधिसूचना जारी कर दी है। प्रोन्नत अधिकारियों में धनंजय कुमार सिंह, सीता पुष्पा, बिजय कुमार सिन्हा, प्रीति रानी और राजेश प्रसाद शामिल हैं।

********************

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए ने जेईई मेन 2025 अप्रैल सत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन विंडो खोल दिया है। जो उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, वे वेबसाइट जी मेन डॉट एनटीए डॉट इन पर जाकर 25 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

********************

चक्रधरपुर रेल डिवीजन में विकासात्मक कार्यों के कारण टाटानगर से चलने वाली कई ट्रेन प्रभावित है। रविवार को आधा दर्जन ट्रेन रद्द रहीं, वहीं 5 फरवरी को भी कई दर्जन रेलगाड़ियों का परिचालन रद्द रहेगा। इन ट्रेनों में टाटा–हटिया–टाटा एक्सप्रेस,बिलासपुर–टाटा एक्सप्रेस,टाटा–बरकाकाना–टाटा एक्सप्रेस मुख्य रूप से शामिल है।

********************

लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र से पुलिस ने पांच अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास तीन बंदूक और 13 गोलियों समेत कई अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि सभी अपराधी एक कोयला व्यवसायी पर फायरिंग करने की योजना बना रहे थे।

********************

सरायकेला–खरसावां जिले के आदित्यपुर मांझीटोला निवासी रोहित मिश्रा की टोल ब्रिज के पास कल सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। देर रात ओवरस्पीड में कार चला रहे रोहित मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई।

********************

राज्य समेत देशभर में वसंत पंचमी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। राज्य में शिक्षण संस्थानों समेत कई जगहों पर आकर्षक पूजा पंडाल बनाए गए हैं और पूजा अर्चना की जा रही है।

********************

देवघर जिले में बाबा बैद्यनाथ मंदिर में बसंत पंचमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। जिला प्रशासन ने सुचारू और सुरक्षित जलार्पण के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं।

********************

इधर सिमडेगा जिले में भी बसंत पंचमी के अवसर पर भक्तिमय माहौल बना हुआ है, जहां विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा–अर्चना की जा रही है। पुरोहित पंडित श्याम सुंदर मिश्रा ने कहा कि इस दिन मां सरस्वती की उपासना से विशेष फल प्राप्त होता है। उधर पाकुड़ जिले के विद्यालयों और निजी शैक्षणिक संस्थानों में भी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है।

****समाप्त****